राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर – राजस्थान

● रेड रिबन क्लब ●

वार्षिक प्रतिवेदन – सत्रः 2018 – 19

सहयोगः

राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी निदेशालय,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ
जयपुर, राजस्थान – 302007

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुरः में छात्राओं को एड्स जैसी घातक एवं जानलेवा बीमारी के प्रति जागरुक करने, उससे बचाव एवं रोकथाम इत्यादि की जानकारी प्रदान करने हेतु राजस्थान स्टेट एडस कन्ट्रोल सोसायटी, निदेशालय चिकित्सा, एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण द्वारा कार्यक्रम के अन्तर्गत **रेड रिबन क्लब** का गठन किया गया।

"एड्स" एक जानलेवा एवं लाइलाज बीमारी है, इसलिए – ***"Prevention is better than cure"***. **एड्स – AIDS** यानि किः ***"Acquired Immuno Deficiency Syndrome"***; जो कि **HIV *(Human Immuno Virus)*** से होता है। इसके प्रांरभिक लक्षण में जुकाम, इंफ्लुएज़ा, कमज़ोरी महसूस होती है। काफी समय तक बीमारी के बारे में पता नहीं लग पाता है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती जाती है तथा **T.B.** एवं अन्य संक्रमित रोगों के होने की संभावना बनती जाती है।

HIV/AIDS से प्रभावित व्यक्ति को सामाजिक विषमताओं का सामना करना पड़ता है, जैसे छुआछुत एवं सामाजिक बहिष्कार इत्यादि। AIDS प्रभावित व्यक्तियों के कारण देश कि economy पर भी प्रभाव पड़ता है क्योंकि देश में पैसा शिक्षा एवं अन्य जरुरी कार्यो के लिए चाहिए वो बीमारी में खर्च हो जाता है, क्योंकि यह बीमारी ठीक होने में समय लेती है तथा महंगी पड़ती है।

सत्रः 2018 – 19 में रेड रिबन कल्ब के तत्वाधान में निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गई हैंः–

गतिविधियाँः–

1. **दिनांकः 24–09–2018**ः को पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर में छात्राओं ने रक्तदान कर अपनी सहभागिता प्रदान की।
2. **दिनांकः 12–11–2018:** को एड्स पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की छात्राओं ने भाग लिया, जिसमेंः

– **प्रथम स्थान** – B Group,

– **द्वितीय स्थान** – C एवं D Group,

– **तृतीय स्थान** – E Group,

– **सांत्वना स्थान** – A Group

3. **दिनांकः 20—11—2018**ः पर **निम्नलिखित प्रतियोगिताऐं आयोजित की गईः**

क. निबंध प्रतियोगिता — "एड्स जागरुकता — एक सार्थक प्रयास"

ख. पोस्टर प्रतियोगिता — एड्स पर

ग. स्लोगन प्रतियोगिता — एड्स पर

घ. **लोगो प्रतियोगिता** — एड्स पर

सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम तीन निर्णायको के निर्णय के आधार पर निकाले गए।

4. **दिनांकः 05—12—2018**ः को AIDS जागरुकता पर रैली निकाली गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

5. **दिनांकः 15–01–2019:** को “AIDS AWARENESS”/एड्स जागरुकता हेतु बेदला ग्राम पंचायत में राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेदला पैलेस, बेदला, उदयपुर (छात्र) एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बेदला, उदयपुर (छात्राएं) में रेड रिबन क्लब के सभी सदस्य तथा 20 महाविद्यालय की छात्राऐं उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा AIDS पर बनाएं पोस्टर दिखाए गए।

दोनों ही स्कूल के 10th, 11th एवं 12th के छात्र एवं छात्राओं को डा. आशा गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन शास्त्र, डा. रेहाना परवीन, एसोसिएट प्रोफेसर प्राणिशास्त्र द्वारा AIDS पर जानकारी प्रदान की गई तथा विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए। विजेता विद्यार्थियों को त्वरित ही पुरस्कार दिए गए तथा उपस्थित सभी 200 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरुप पेन प्रदान किए गए।

6. **दिनांकः 17—01—2019:** को महाविद्यालय के सेमीनार कक्ष में रेड रिबन क्लब प्रभारी डा. आशा गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन शास्त्र एवं डा. रेहाना परवीन, एसोसिएट प्रोफेसर प्राणीशास्त्र द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को एड्स पर व्याख्यान दिया गया तथा उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

7. **दिनांकः 01—02—2019:** को महाविद्यालय के सेमिनार कक्ष में रेड रिबन क्लब द्वारा — **"वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह"** — आयोजित किया गया। जिसमें **महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्यः "डा. शशि सांचीहर"** द्वारा क्लब की विभिन्न गतिविधियों में वर्ष पर्यन्त सक्रिय रुप से भागीदारी निभाने वाली तथा विजेता प्रतिभागियों सहित कुल **54 छात्राओं को पुरस्कृत** किया गया।

उपरोक्त समस्त गतिविधियों का संचालन प्रभारी डा. आशा गुप्ता एवं समिति सदस्यों डा. सुनीता शर्मा, डा. रेहाना परवीन, डा. सविता वर्डिया, एवं डा. रितु दुबे के नेतृत्व में किया गया। इस प्रकार "रेड रिबन क्लब" के तत्वाधान में एड्स संबंधी जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का संचालन सत्र के दौरान किया गया। व्याख्यान परिचर्चा, रैली, प्रश्नोत्तरी, निबंध, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं इत्यादि द्वारा छात्राओं को जागरुक करने के हर संभव प्रयास किए गए। समस्त गतिविधियों का संचालन महाविद्यालय प्रशासन के निर्देशानुसार किया गया।

प्राचार्य,
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय,
उदयपुर, राजस्थान

(डा. आशा गुप्ता)
प्रभारी,
रेड रिबन क्लब